अक्सर पूछे आने वाले प्रश्न

प्रश्न-१: मैंने अप्रैल २०२० से जून २०२० के दौरान होने वाले ट्रेक के लिए बुकिंग की थी,अब मेरी बुकिंग का क्या होगा?

उत्तर:- बुकिंग रद्द करने की अंतिम तारिख चाहे कुछ भी रही हो, किन्तु वो प्रतिभागी जिन्होंने अपनी बुकिंग २० मार्च तक रद्द कर दिया था, या जिन्होंने तब तक रद्द नहीं किया हो ,जब कि यूथ होस्टल्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने स्वयं ही,अप्रैल से जून के बीच होने वाले अपने सारे प्रोग्राम रद्द कर दिए हो, उनके पास तीन विकल्प उपलब्ध हैं:

अ) वाउचर का लाभ उठाएं, और अगले वर्ष होने वाले उसी प्रोग्राम में, पूर्व में भुगतान किये गए शुल्क में ही प्रवेश पाएं।

ब) पहले से ही बुक किये गए ट्रेक के अलावा, एक या एक से अधिक दूसरे ट्रैक्स में भाग लेने का लाभ उठाएं।

स) ऊपर दिए गए विकल्प अगर स्वीकार ना हो, तो भुगतान की गयी राशि में से ८०% की शुल्क वापसी का लाभ उठाएं।

प्रश्न-२: वाउचर की कीमत क्या है?

उत्तर: बुकिंग के दौरान अदा किये गए शुल्क का पूर्ण हिस्सा (१००%) ही इस वाउचर की कीमत होगी।

प्रश्न-३: मै इस वाउचर का प्रयोग कब तक कर सकता/सकती हूँ।

उत्तर: इस वाउचर का प्रयोग दिसंबर २०२१ तक किया जा सकता है।

प्रश्न-४: क्या इस वाउचर की पूरी राशि का प्रयोग केवल एक ही प्रोग्राम के लिए किया जा सकता है?

उत्तर: इस वाउचर का प्रयोग अधिकतम दो ट्रेक्स के लिए किया जा एकता है। उदहारण के लिए यदि एक प्रोग्राम को करने के बाद भी कोई राशि शेष बचती है, तो उसे दुसरे ट्रेक में समायोजित किया जा सकता है।

प्रश्न-५: क्या मै आंशिक रूप से उपयोग किये वाउचर के, धन वापसी (रिफंड) का दावा कर सकता/सकती हूँ?

उत्तर: हाँ, आंशिक रूप से वाउचर का उपयोग करने के बाद अधिशेष की वापसी का दावा कर सकते हैं। यहाँ भी आप शेष राशि के ८०% हिस्से के ही हकदार होंगे। किन्तु प्रतिदेय का २०% शुल्क प्रसंस्करण/प्रशासनिक खर्चे के तौर पर काट लिया जायेगा।

बची हुई राशि का उपयोग २०२१ में होने वाले अन्य ट्रेक्स लिए भी किया जा सकता है।

प्रश्न-६: क्या मै वाउचर के खिलाफ धन वापसी(रिफंड) की मांग कर सकता/सकती हूँ?

उत्तर: हाँ, यदि आप किसी भी राष्ट्रिय कार्यक्रम की बुकिंग के लिए वाउचर का लाभ नहीं उठाना चाहते तो आप मौद्रिक धन वापसी की मांग कर सकते हैं। आप रिफंड के ८०% हिस्से के हकदार होंगे, रिफंड राशि पर २०% शुल्क प्रसंस्करण/प्रशासनिक खर्चे के तौर पर काट लिया जायेगा।

प्रश्न-७: क्या मै क्रेडिट वाउचर ट्रांसफर कर सकता हूँ?

उत्तर: हालाँकि यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया बुकिंग राशि के हस्तांतरण की अनुमति नहीं देती है, किन्तु महामारी की बजह से संस्था ने इसे, अपने आप में एक तरह का विशेष मामला मानते हुए, इसमें राशि हस्तांतरण की व्यवस्था की है। इस क्रेडिट वाउचर को परिवार के सदस्यों अथवा दोस्तों को हस्तांतरित किया जा सकता है , जो कि सिर्फ एक बार के लिए ही मान्य होगा।

प्रश्न-८: इस वाउचर से कौन कौन से प्रोग्राम बुक किये जा सकते हैं?

उत्तर: इस वाउचर के द्वारा राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तरीय किसी भी प्रोग्राम के भाग लिया जा सकता है।

प्रश्न-९: क्या इस वाउचर का प्रयोग यूथ होस्टल्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के किसी भी हॉस्टल को बुक करने के लिए भी किया जा सकता है?

उत्तर: हाँ, इस वाउचर के द्वारा आप यूथ होस्टल्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा संचालित किसी भी हॉस्टल जैसे की अंतर्राष्ट्रीय युवा छात्रावास नई दिल्ली, मैसूर, दार्जीलिंग, लेह में रुकने के लिए बुकिंग करवा सकते हैं।

प्रश्न-१०: क्या हम इसी प्रोग्राम को अगले साल भी बुक कर सकते हैं?

उत्तर: हाँ,यदि आप वर्ष २०२१ में उसी कार्यक्रम को बुक करने के लिए इस वाउचर का उपयोग करते हैं, तो आपको अगले वर्ष के संशोधित शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। यानी आप उसी कार्यक्रम में अगले वर्ष, उसी शुल्क में भाग ले सकते हैं। वैसे हम इस साल के अंत में कार्यक्रम की फीस बढ़ाने के बारे में विचार कर रहें हैं।

प्रश्न-११: क्या मैं वाउचर राशि से अधिक मूल्य का कार्यक्रम को बुक कर सकता हूं?

उत्तर: हाँ। यदि आप वाउचर लागत से अधिक मूल्य का प्रोग्राम बुक करना चाहते हैं, तो आपको लागत के अंतर का भुगतान करना होगा।

प्रश्न-१२: क्या मुझसे ऑनलाइन बुकिंग शुल्क लिया जाएगा।

उत्तर: यदि आप किसी अन्य प्रोग्राम को बुक करने के लिए अपने वाउचर का उपयोग करते हैं, तो ऑनलाइन बुकिंग शुल्क, जो कि चुने गए कार्यक्रम के शुल्क की ५% है, नहीं लिया जायेगा।

प्रश्न-१३: किसी अन्य ट्रेकिंग कार्यक्रम में स्थानांतरण के लिए वाउचर प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है?

उत्तर: आपको अपने वाउचर नंबर और प्रोग्राम में हुए बदलाव को हमें 'trekking@yhaindia lorg ' पर मेल करके बताना होगा। ध्यान दें कि यह बदलाव केवल 'पहले आओ, पहले आओ' एवम उक्त कार्यक्रम में सीट की उपलब्धता के आधार पर ही किया जाएगा।

प्रश्न-१४: ट्रेकिंग प्रोग्राम बुक करने के लिए सबसे अच्छा समय क्या होगा?

उत्तर: आप अपने ट्रेकिंग-कम-ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने के लिए जून के बाद की योजना बना सकते हैं। हमारे पास जुलाई में कुछ शानदार ट्रेक हैं, जिनमें से आप कश्मीर के ग्रेट लेक, हैम्पटा पास, वैली ऑफ फ्लावर्स, और हमारे राज्य साखाओ द्वारा आयोजित कई अन्य विकल्पों को भी चुन सकते हैं।

अगर आपके पास इससे जुड़े कुछ और प्रश्न हैं ,तो पूछताछ के लिए कृपया हमारे हेल्पलाइन नंबर -7827999000, 011-45999015 पर फ़ोन करें।

आपसे अनुरोध है की अपनी भागीदारी रद्द नहीं , बल्कि इसे स्थगित करिये।

शुभकामनाओं के साथ,

रूपेश कुमार पाण्डेय
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया

मनोज जोशी
चेयरमैन- एडवेंचर्स प्रमोशन कमिटी
यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया